an>

Title: Regarding increasing the fund provided by Central Government for repair and maintenance of National Highways in Rajasthan.

**श्री पी.पी.चौधरी (पाली) :** सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। एन.डी.ए. सरकार ने जब-जब सत्ता संभाली है, तब-तब राज्यमार्गों के विकास कार्य में तेजी आई है। हम सभी जानते हैं कि राजमार्ग देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछली एन.डी.ए. सरकार द्वारा 11 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से राजमार्ग निर्माण कार्य किया जाता था, जो वर्तमान सरकार द्वारा बढ़ाकर 23.4 किलोमीटर प्रतिदिन किया गया है। यू.पी.ए. के कार्यकाल के दौरान तो राजमार्ग के निर्माण की गति केवलमात्र 5.2 किलोमीटर प्रतिदिन ही रह गई थी। माननीय नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में ही राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य प्रतिदिन 30 किलोमीटर का प्राप्त हो सकेगा। मैं सदन और माननीय सड़क परिवहन व राज्य मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का ध्यान पुराने राजमार्गों की मरम्मत की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि यू.पी.ए. के कार्यकाल में राजस्थान को राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवश्यकता से लगभग आधी धनराशि जारी की जाती रही है। वर्ष 2011-12, 2013-14, 2014-15 के बजट में तो कुल मिलाकर 41.48 करोड़ ही जारी किये गये हैं। जो कि अनुमानित लागत से एक चौथाई से कम था।

राजमार्गों की खराब स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 में 50 करोड़ रुपए की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्भरित किए जाने के आधार पर की गयी थी। केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजमार्गों की मरम्मत हेतु 22.34 करोड़ तथा बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों हेतु 4.08 करोड़ की राशि ही जारी की गयी है।

इसके साथ-साथ राजमार्गों की लम्बाई तथा उन पर वाहनों की संख्या में निरन्तर बढ़ोतरी के कारण मरम्मत हेतु धनराशि को बढ़ाया जाना आवश्यक हो गया है। राजस्थान सरकार के मध्यम से 75 करोड़ रुपए की धनराशि राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवंटित किए जाने का प्रस्ताव केन्द्र के पास लम्बित है, जिसे गडकरी जी स्वीकृत करने की कृपा करें।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Sudheer Gupta are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.